# राजकीय महाविद्यालय, हांसी

(17 अप्रैल 2025)

53वां वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(सत्र 2024–25)

के अवसर पर

प्राचार्य

## डॉ0 पवित्र मोहन, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

## मुख्य अतिथि :–

डॉ0 रजनीश बहल, प्राचार्य (सेवानिवृत)
राजकीय महाविद्यालय, उगालन (हिसार)

# वार्षिक प्रतिवेदन

आदरणीय मुख्य अतिथि माननीय डॉ0 रजनीश बहल, प्राचार्य (सेवानिवृत) राजकीय महिला महाविद्यालय, उगालन (हिसार) पत्रकार बन्धु, आमन्त्रित गणमान्य अतिथिगण व सम्मानित सहयोगी वृन्द तथा प्रिय विद्यार्थियों, आप सभी का महाविद्यालय के 53वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है।

आज हमारे मध्य माननीय डॉ0 रजनीश बहल जी को पाकर हम गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। महोद्य ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित हैं तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ। माननीय डॉ0 रजनीश बहल जी का जन्म 24 अप्रैल 1964 को पंजाब के फिरोजपुर शहर में हुआ। आप अपने छात्र जीवन से ही सरल, सौम्य, परिश्रमी एवं मेधावी छात्र रहे हैं। आपने अपनी एम.ए. अंग्रेजी की परीक्षा राजकीय महाविद्यालय, हिसार में उतीर्ण की। इसके बाद आपने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र से अपनी पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। आपने 05 जनवरी 1989 को राजकीय महाविद्यालय, जीन्द में अंग्रेजी के लैक्चरर के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। आपने लगभग 28 वर्षों के अनुभव के बाद आप 2018 में प्राचार्य के पद पर नियुक्त हुए।

महोदय ! आप एक सफल प्राचार्य होने के साथ–साथ एक विख्यात शिक्षाविद एवं कुशल प्रशासक भी रहे हैं। शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया है। मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ।

महाविद्यालय परिचय :–

हरियाणा राज्य की इस गौरवमयी एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था की स्थापना वर्ष 1968 में नेहरू मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई। 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया, 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 81 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है। महाविद्यालय में 11 स्मार्ट क्लास रूम है जिनमें e-content के माध्यम से पढाया जाता है। 15 आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं है। महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0., बी0.एस0.सी0 (नॉन मैडिकल)., बी0.एस0.सी0 (ऑनर्स)., पी0जी0डी0सी0ए0 के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 1514 है। जिनमें 877 छात्र तथा 637 छात्राएं हैं। आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 70 पद स्वीकृत है जिसमें 31 नियमित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं व 17 एक्सटैंशन लैक्चरर कार्यरत है तथा कार्यालय स्टाफ में 13 कर्मचारी नियमित व 16 कर्मचारी अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं।

शैक्षणिक उपलब्धियाँ–

अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। सत्र 2023–24 में PGDCA कक्षा की प्रामिला तथा पिंकी ने विश्वविद्यालय स्तर पर पहला व दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–

सत्र के दौरान महाविद्यालय में सितम्बर माह प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पेंटिग, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें

महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय युवा समारोह में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सांग में प्रथम तथा हरियाणवी स्कीट एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अंकित ने ऑनस्पॉट पेंटिंग में प्रथम स्थान तथा माही गर्ग ने डिक्लेमेशन में प्रथम स्थान, प्रियांशु कुमार ने एकल नृत्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त सांस्कृतिक गतिविधियों के अतिरिक्त दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजिन किया गया। जिसमें गायन, नृत्य, कविता पाठ, संस्कृत श्लोकोच्चारण आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसके लिए इंचार्ज प्रो0 किशनपाल व डॉ0 जोगिन्द्र सिंह व समस्त टीम बधाई की पात्र है।

खेल–कूद गतिविधियां :–

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के दौरान खेलकूद गतिविधियों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विभिन्न स्तरों पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रस्तुत है वार्षिक खेल रिपोर्ट:

1. कराटे प्रतियोगिताएँ:

बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आंचल तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश ने एम.डी.यू. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में अपने-अपने भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के 6 कराटे खिलाड़ियों – राजीव, राहुल, सूर्यवृत, सोमवीर, आंचल एवं कशिश – ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

2. योग प्रतियोगिताएँ:

योग क्षेत्र में भी महाविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कुल 7 योग खिलाड़ियों (5 लड़के एवं 2 लड़कियाँ) ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग प्रतियोगिता में भाग लिया।

अर्जुन और चेतन ने नेशनल गेम्स में भाग लिया, जिसमें अर्जुन ने कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) प्राप्त किया।

3. क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता:

महाविद्यालय की पुरुष व महिला क्रॉस कंट्री टीमों ने यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लिया।

पुरुष वर्ग ने प्रथम स्थान

महिला वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4. एथलेटिक्स (इंटर कॉलेज प्रतियोगिता):

तेजवीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निम्न पदक प्राप्त किए:

10000 मीटर – प्रथम स्थान

5000 मीटर – द्वितीय स्थान

1500 मीटर – तृतीय स्थान

800 मीटर – द्वितीय स्थान

400 मीटर – तृतीय स्थान

200 मीटर – तृतीय स्थान

4×100 रिले – तृतीय स्थान

4×400 रिले – द्वितीय स्थान

अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन:

अशोक: 4×400 रिले – द्वितीय, 4×100 रिले – तृतीय

पारस: 400 मीटर हर्डल – प्रथम, 4×400 रिले – द्वितीय, 4×100 रिले – तृतीय

कुलदीप: 4×100 रिले – तृतीय

मनोज: 110 मीटर हर्डल – द्वितीय, 4×100 रिले – द्वितीय

राहुल: हैमर थ्रो – द्वितीय, जैवलिन थ्रो – द्वितीय

5. वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता:

तेजवीर को पुरुष वर्ग में बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

तमन्ना को महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

6. विशेष आयोजन:

हर घर सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस प्रकार महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इस सत्र में राष्ट्रीय व अंतर-विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। भविष्य में भी ऐसे ही प्रयासों की अपेक्षा की जाती है।

राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100–100 स्वयं सेवकों की दो ईकाइयां कार्यरत है। जिसमें महिला वर्ग में श्रीमती सुशीला, सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग एवं पुरूष वर्ग में श्री संदीप, सहायक प्रोफेसर गणित विभाग कार्यक्रम अधिकारी अपना–अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है।

एन0एस0एस0 के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय 03 शिविरों का आयोजन किया जिसके दौरान महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने संविधान दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस, सांप्रदायिक सद्भावना दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस आदि कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। इसके अतिरिक्त गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर जाट कॉलेज, हिसार में भाग लिया। इसके अलावा एस.डी. महिला महाविद्यालय, हांसी में आयोजित रक्तदान शिविर में 10 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

एन0एस0एस0 की दोनों युनिटों द्वारा सात दिवसीय एक कैंप का आयोजन फरवरी 2025 माह में दिनांक 16.02.2025 से 22.02.2025 के दौरान किया गया। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के उप प्राचार्य

प्रो0 शामेन्द्र सिंह बामल ने ध्वजा रोहण किया। इस कैंप के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव डाणी केन्दु में जाकर थीम विकसित गांव विकसित भारत, सर्व शिक्षा अभियान पर्यावरण स्वच्छता, पौधा रोपण, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं आदि अनेक विषयों पर बहुत सारे कार्यक्रम करवाए। उपरोक्त कार्यक्रमों में 1,10,,000/– की राशि खर्च की गई।

एन.सी.सी :–

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 आर्मी विंग की एक प्लाटून 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है, जिसमें कुल 72 कैडेट को एनरोल किया गया है। एन0सी0सी0 कैडेट को वर्ष भर में प्रशिक्षण देने हेतु 35 परेड का आयोजन करवाया गया, जिसमें ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण सेनाओं का संगठन, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, राष्ट्रनिर्माण आपदा प्रबंधन, नेतृत्व व समाज सेवा जैसे विषयों के बारे में बताया गया। सत्र 2024–25 में महाविद्यालय के कैडेटों द्वारा 03 सी.ए.टी.सी. कैम्प व एक आर्मी अटेचमैंट कैम्प में भाग लिया व इसके अलावा एन.सी.सी. की यूनिट द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इसके लिए महाविद्यालय के NCC अधिकारी लैप्टिनेंट सोमबीर, NCC स्टाफ व सभी NCC कडैटस बधाई के पात्र है।

रेड रिबन कल्ब :–

रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में सत्र 2024–25 में हुई गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :–

- 21 मार्च 2025 को AIDS/HIV की जागरूकता के लिए राजकीय महाविद्यालय, हांसी "Teach AIDS" Documentary दिखाई गई। इस अवसर पर 200 विद्यार्थी एवं 11 शिक्षक उपस्थित रहे।
- 21 से 25 मार्च 2025 एड्स जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें 250 विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।
- 24 मार्च 2025 को "Human Chain" एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के क्रमशः 90 विद्यार्थी एवं 70 विद्यार्थी व 22 शिक्षकों ने भाग लिया।
- 24 मार्च 2025 को राजकीय महाविद्यालय, हांसी महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 25 मार्च 2025 को 06 छात्रों एवं 02 शिक्षकों ने रैड रिबन क्लब की एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

इसके लिए सहायक प्रोफैसर श्री विजय कुमार यादव बधाई के पात्र है ।

महिला प्रकोष्ठ :–

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महिला प्रकोष्ठ द्वारा निम्न गतिविधियाँ करवाई गई ।

महिला प्रकोष्ठ, राजकीय महाविद्यालय हांसी द्वारा सत्र 2024-25 में छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक एवं उपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

1. व्यक्तिगत स्वच्छता पर व्याख्यान

दिनांक 11 जनवरी 2025 को व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डॉ. मोनिका आयुष विभाग सिविल हॉस्पिटल हांसी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्राओं को स्वच्छता के महत्व, दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने तथा इससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई।

2. जूडो-कराटे प्रशिक्षण शिविर

आत्मरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए 5 फरवरी 2025 से 18 फरवरी 2025 तक जूडो कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अजय कोच, सुप्रीम एकेडमी हांसी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं ने आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों को सीखा और आत्मविश्वास में वृद्धि की।

3. हस्तकला प्रशिक्षण

21 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक छात्राओं को हस्तकला के विभिन्न कौशल सिखाए गए। यह प्रशिक्षण श्रीमती सलोनी, प्रध्यापिका, एस.डी. महिला महाविद्यालय हांसी द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को सृजनात्मकता एवं उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहन मिला।

इन सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन से छात्राओं को न केवल शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिला, बल्कि उनके भीतर आत्मनिर्भरता और जागरूकता की भावना भी विकसित हुई। इसके लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कुमारी भतेरी बधाई की पात्र है।

कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है। इसके प्रभारी श्री धनेश कुमार है। सैल के माध्यम से समय–समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है। इसके लिए श्री अजमेर सिंह सहित सम्पूर्ण प्लेसमैंट सैल बधाई की पात्र है।

शैक्षणिक भ्रमण :–

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाने के लिए महाविद्यालय में कमेटी गठित की गई है जिसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिंह सिंहाग तथा डॉ0 सुशीला देवी है। इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के 44 सदस्यीय दल ने डॉ0 बंता सिंह जांगड़ा एवं श्री सत कुमार के नेतृत्व में दिनांक 10.02.2025 से 11.02.2025 तक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का भ्रमण करके देश–विदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की।

मैरिट स्कोलरशिपः–

डॉ0 अन्जू जैन, सहायक प्रोफेसर कम्प्यूटर की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0सी0ए0, बी0 कॉम0 व एम0 कॉम कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,10,000/– रू की छात्रवृति प्रदान की जानी है। Haryana State Merit Scholarship to Under Graduate Girls Students के तहत छात्राओं को 39,000/– रूपये की छात्रवृति प्रदान की जानी है। Merit Scholarship to UG/PG Students के तहत विद्यार्थियों को 39,600/– रूपये की छात्रवृति प्रदान की जानी है। National Scholarship Portal पर Central Sector Scheme of Scholarship to College & University Students के तहत विद्यार्थियों को 3,00,000/– रूपये की छात्रवृति प्रदान की जाती है। महाविद्यालय में बी0एस0सी0 की छात्रा रिम्पी को POSE Scholarship के अन्तर्गत 4000 रूपये प्रतिमाह तीन वर्ष के लिए छात्रवृति प्रदान की जानी है।

लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)

लीगल लिटरेसी सैल श्रीमती बबीता चौधरी, सहायक प्रोफैसर, राजनीतिशास्त्र के अध्यक्षता में वर्ष भर कार्यरत रही।

महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–

संस्कृत साहित्य परिषदः–

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद डॉ0 जोगिन्द्र सिंह एंव श्री कर्मबीर सिहाग के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन, स्लोगन लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सत्र 2024–25 में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थांन, नई दिल्ली द्वारा अनेकों विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी संस्कृत छात्रवृति विद्यार्थियों के खाते में डाली गई। इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

हिन्दी साहित्य परिषदः–

हिन्दी साहित्य परिषद डॉ0 श्री जोगिन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। हिन्दी साहित्य परिषद् के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत हिन्दी–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिन्दी–निबन्ध लेखन, कविता पाठ एंव स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

अंग्रेजी साहित्य परिषद :–

अंग्रेजी साहित्य परिषद श्री कर्मवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रहीं इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया। इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं।

कम्प्यूटर साईंस परिषद :–

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा के निर्देशन में कम्प्यूटर परिषद द्वारा महाविद्यालयी स्तर पर E-Poster making competition का आयोजन किया गया, महाविद्यालयी स्तर पर Inter Class Science Exhibition कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए परिषद बधाई की पात्र है।

गणित परिषदः–

गणित परिषद श्री धनेश कुमार के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही। महाविद्यालय के गणित विभाग में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए महाविद्यालय का गणित परिषद बधाई के पात्र है।

भूगोल परिषद :–

सत्र 2024-25 के दौरान दिनांक 22 नवंबर को महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा अंत: महाविद्यालय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । 15 फरवरी 2025 को भूगोल के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया तथा इंटर जोनल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया । महाविद्यालय की टीम का दिनांक 18 फरवरी को इंटर जोनल विज्ञान प्रदर्शनी में सराहनीय प्रदर्शन रहा । दिनांक 27 मार्च 2025 को महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें हरियाणा के विभिन्न महाविद्यालय से कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय जींद की टीम ने द्वितीय स्थान और राजकीय महाविद्यालय हांसी तथा फिरोज गांधी मेमोरियल कॉलेज आदमपुर की टीम ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके लिए डॉक्टर राजकुमार सहित भूगोल परिषद बधाई की पात्र है

मनोविज्ञान परिषद :–

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ0 अल्का के निर्देशन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा कई गतिविधियां करवाई गई। इस वर्ष भी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमें कई गतिविधियां सम्पन्न करवाई गई जिनका मुख्य लक्ष्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके अतिरिक्त

अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस भी मनाया गया जिसमें युवा पीढ़ी में बढ़ रहे तनाव और उसके कारण बढ़ रही आत्महत्याओं को रोकने के लिए उपाए व सुझाव बताए गये। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

वाणिज्य परिषद :–

महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में अनेक गतिविधियों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है।

विज्ञान परिषद :–

भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रहे। रसायनशास्त्र व भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा Poster Presentation Competition, Essay Writing Competition, Quiz Competition, Poster Making Competition & District Level Science Exhibition आदि का आयोजन करवाया गया।

इसके लिए विज्ञान परिषद बधाई की पात्र है।

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC) :-**

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में गुणवत्ता के विकास के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC कार्यरत है। जो महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेल–कूद सम्बन्धी तथा कार्यरत प्राध्यापकों व कर्मचारियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन करती है। IQAC द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों के वार्षिक API प्रोफोर्मा को वैरिफाई करने का कार्य किया जाता है तथा उससे सम्बंधित रिकॉर्ड संरक्षित किया जाता है।

- IQAC द्वारा नये सत्र में दाखिल हुए विद्यार्थियों के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों, समय सारिणी, अनुसाशन, अन्य सामान्य व उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

उपरोक्त उपलब्धियों के लिए IQAC के प्रभारी प्रो0 अनिल कुमार पूरी टीम बधाई की पात्र है ।

अर्नव्हाईल यू लर्न (सीखो और कमाओं) :–

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अर्नव्हाईल यू लर्न स्कीम चलाई जाती है जिसमें भाग लेकर विद्यार्थी पढाई के साथ–साथ खाली समय में महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं पुस्तकालय, कार्यालय आदि में कार्य करके 100/– रूपए प्रति घण्टा की दर से रूपए अर्जित कर सकता है। इस स्कीम के अन्तर्गत इस सत्र के दौरान उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा 85,000/– रूपए की राशि स्वीकृत की गई तथा महाविद्यालय के 31 विद्यार्थी लाभांवित हुए। इस कार्य के सफल कार्यान्वयन के लिए श्रीमती प्रियंका बधाई की पात्र हैं ।

बर्सर :–

श्री शामेन्द्र सिंह, एसोसिएट प्रोफैसर वाणिज्य महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है

महाविद्यालय पत्रिका :–

छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है ।

कार्यालय :–

महाविद्यालय के कार्यालय में सभी कर्मचारी अपना–अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है।

नियुक्तियाँ एंव स्थानान्तरण :–

वर्तमान सत्र में श्री कुलदीप, व कुमारी गुंजन, लिपिक तथा कुमारी पुजा व श्रीमती भतेरी, पीयन ने नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया है।

व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

(1) भूगोल विभाग के सहायक प्रोफैसर श्री धर्मवीर ने 03 से 15 फरवरी 2025 तक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में रिफरेसर कोर्स में भाग लिया।

कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा द्वारा एक शोध पत्रिका में प्रकाशित किया, एक पस्तक का प्रकाशन भी मुख्य लेखक के रूप में किया जिसका टाईटल डिजिटल एफीसींन्सी टूल्स है, राजकीय महाविद्यालय, सिवानी द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया तथा अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया, राजकीय महाविद्यालय, भट्टू में सी.डी.एल.यू. द्वारा आयोजित सात दिवसीय एन.एस. एस. कैम्प में मुख्य वक्ता के रूप में साईबर सिक्यूरिटी विषय पर एक लक्चर दिया व राजकीय महाविद्यालय, हांसी द्वारा आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. कैम्प में डिजिटल लर्निंग व साईबर सिक्यूरिटी पर लैक्चर दिया।

पुस्तकालय :–

वर्तमान पुस्तकालय में 22,416 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं। पुस्कालय में प्रति दिन 12 समाचार पत्र तथा 10 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है। जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं और इसके अतिरिक्त 40 विद्यार्थियों के बैठने के लिए वातानुकूलित वाचनालय भी है।

आभार प्रदर्शन :–

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय प्रधान सचिव तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. तथा समस्त मीडिया आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मबीर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर तथा श्री शिव कुमार, स्टैनो का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है। विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करता हूँ।